Tital Code. : RAJHIN27802

वागड़ संदेश

रविवार
हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

वर्ष-1 अंक-5 | सागवाड़ा, सोमवार,30 अगस्त, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-4, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

पाश्चात्य संस्कृति ने बर्बाद की हमारी संस्कृति और संस्कार

मुनि पूज्य सागर की डायरी से.....



मुनि पूज्य सागर

मौन साधना का 25 वां दिन । यह बात सास्वत सत्य है कि स्वार्थ के साथ किया धर्म कभी पुण्य और आत्मिक शांति नहीं देता। स्वार्थी व्यक्ति सदैव पुण्य की तरफ जाने के बजाए पाप की ओर ही अग्रसर होता है। स्वार्थ में दया, करूणा, प्रेम, वात्सल्य न होकर लाभ और प्रतिलाभ की भावना ही बनती है। धर्म की कोई कीमत नहीं होती वह तो बेशकीमती होता है। मैं यह महसूस कर रहा हूं कि वर्तमान में व्यक्ति धर्म की तरफ तो बढ़ रहा है, लेकिन उसका मूल कारण भय और स्वार्थ है। इसी वजह से धर्म और धार्मिक कार्य करते हुए भी न तो धर्म का फल किसी को मिल रहा है और न ही प्रार्थना स्वीकार हो रही। न ही मन और मस्तिष्क शांत है। इतना धर्म करने के बाद भी दुःख पीछा नहीं छोड़ता है। ऐसा नहीं करूंगा तो ऐसा हो जाएगा और उसने ऐसा किया तो उसका ऐसा होगा। ऐसे ही विचार मन और मस्तिष्क को मैला कर देते हैं। यह सब बातें केवल इसलिए मन और मस्तिष्क में आते हैं कि धर्म स्वार्थ और भय से किया जा रहा है। धर्म करना तो व्यक्ति का कर्तव्य है। आखिर इसमें स्वार्थ और भय का क्या काम। इसी कारण व्यक्ति धर्म करते हुए भी जीवन में दुःखी महसूस करता है। मुझे दुःख तो इस बात का हो रहा है कि ईसान की श्रद्धा धर्म से टूटती जा रही है। जैसे कपड़े पसंद-नापसंद होने पर बदले जाते हैं उसी तरह धर्म और भगवान भी बदले जाने लगे हैं। एक से काम नहीं तो दूसरे पर, जब अंत में कोई भगवान और धर्म नहीं बचता तो व्यक्ति प्रमादी होकर सब कुछ भाग्य पर छोड़ देता है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि इसकी शुरुआत ही स्वार्थ और भय से की गई। ऐसा करने से मन और मस्तिष्क की स्थिरता समाप्त हो जाती है और सोचने समझने की शक्ति भी क्षीण हो जाती है। ऐसे व्यक्ति एक नए समाज की स्थापना करते हैं और वह है पाश्चात्य संस्कृति। जहां केवल व्यसन और फैशन की प्राथमिकता रहती है। जहां बर्बाद होती है हमारी संस्कृति और संस्कार। आज नई पीढ़ी धर्म के नाम पर धर्मात्माओं से कोई सवाल करती है तो उसके जवाब भी भिन्न-भिन्न जगह से भिन्न भिन्न प्रकार के आते हैं। अब वह असमंजस्य में है कि इनमें से सही कौन है और किस जवाब पर विश्वास करें। जब जवाब अलग-अलग हैं तो देने वाला या तो स्वार्थ से दे रहा है या फिर भय से। इसी वजह से हमारी नई पीढ़ी उस पाश्चात्य संस्कृति वाले समाज से जुड़ रही है। मैं तो यहीं कामना करता हूं कि है प्रभु मेरे से स्वार्थ से कोई कार्य ना हो यही भावना करता हूं।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी विशेषः

800 करोड़ की लागत से बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा कृष्ण मंदिर

कोलकाता। कोलकाता से 130 किमी दूर नदिया जिले के मायापुर में दुनिया का सबसे बड़ा कृष्ण मंदिर बन रहा है। 6 लाख स्क्वायर फीट से भी ज्यादा क्षेत्र में तैयार हो रहे इस मंदिर में 7 फ्लोर हैं। मंदिर 12 एकड़ में बना हुआ है। मंदिर का कीर्तन हॉल 1.5 एकड़ में बना हुआ है, जहां एक बार में 10 हजार भक्त एक साथ कीर्तन कर सकते हैं। साल 2023 में मंदिर भक्तों के लिए खोलने की योजना है। मंदिर का निर्माण इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ कृष्णा कॉन्सियशनेस यानी इस्कॉन (ISKON) करवा रहा है। मंदिर के चेयरमैन अल्फ्रेड फोर्ड हैं, जो यूएस की ऑटोमोबाइल कंपनी फोर्ड के संस्थापक हैं। इस्कॉन जॉइन करने के बाद उनका नाम अब अंबरीश दास है। मायापुर स्थित मंदिर संस्था का आध्यात्मिक मुख्यालय भी है। इसमें कुल 7 फ्लोर हैं। यूटिलिटी फ्लोर, पुजारी फ्लोर, टेम्पल फ्लोर के बाद म्यूजियम फ्लोर्स हैं। खास बात यह है कि पुजारी फ्लोर 2.5 एकड़ में फैला हुआ है। यह दुनिया का सबसे बड़ा पुजारी फ्लोर है। यहां पुजारी भगवान की पूजा से जुड़ी तैयारियां करेंगे।राजस्थान के मकराना और वियतनाम से व्हाइट मार्बल, फ्रांस से रेड मार्बल, इटली से ब्लू मार्बल बुलवाया है। स्पेन से भी मार्बल आया है। जिस देश का जो मार्बल बेस्ट है, जहां का कलर बेस्ट है, वहां से वो मार्बल इम्पोर्ट किया गया है, ताकि दुनिया का सबसे खूबसूरत मंदिर बने।

रामद्वारा सागवाड़ा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई

सागवाड़ा।

श्री कान्हडदासधाम रामद्वारा में संत पुनीतराम के सानिध्य में जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संत पुनीतराम ने भागवत के 12वें स्कन्ध में वर्णित कथा को सुनाया ओर कहा कि जब जब धरती पर पाप बढता है तब तब भगवान मनुष्य कुरुप मे अवतार लेते है । उन्होंने कृष्ण लीलाओ का वर्णन किया जैसे गोवर्धन पर्वत उठाना, कालिया मर्दन, कंस वध की कथा का रसपान कराया। भगवान को नचाते हुए झूले मे विराजित किया गया। दिनेश शर्मा व भारत शर्मा ने बधाई गीत गाए जिस भक्त जन भाव विभोर होकर नाचने लगे।अंत मे आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरण किया गया .कार्यक्रम मे समिति के अध्यक्ष सुधीर वाडेल, हरीश गुप्ता, जयंति भावसार, सुरेन्द्र शर्मा, दामोदर दलाल, अशोक भट्ट, विष्णु दोसी, नाथु परमार, शिवराम मोची, नवनीत सोनी, बाबुलाल सेवक, जिग्नेश भावसार, कन्हैयालाल पंचाल, विवेक भट्ट, मंगलेश वाडेल,अमित वाडेल, सुभाष ठाकुर एवं महिला मंडल मौजूद थे ।

सागवाड़ा रामद्वारा में जनमाष्टमी पर आरती उतारते श्रद्धालु।

आजादी महोत्सव पोस्टर से नेहरू की फोटो हटाने पर विवाद, गहलोत बोले

नेहरू आजादी की लड़ाई में 9 साल जेल में गुजारे

जयपुर।

जयपुर। आजादी के अमृत महोत्सव पर भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (इग्नू।क) के पोस्टर पर सियासी विवाद शुरू हो गया है। पोस्टर पर पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की फोटो नहीं लगाने और वीर सावरकर का फोटो लगाने को लेकर बयानबाजी शुरू हो गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नेहरू का फोटो नहीं लगाने पर केंद्र सरकार को निशाने पर लिया है। साथ ही, सावरकर की देशभक्ति पर फिर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने सावरकर को ब्रिटिश एजेंट और गद्दार कहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बयान जारी कर कहा- इग्नू।क आजादी के अमृत महोत्सव के पोस्टर में पंडित जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर का नहीं होना निंदनीय है। यह केंद्र सरकार की छोटी सोच का प्रदर्शन भी है। पंडित नेहरू आजादी की लड़ाई के दौरान 9 बार जेल गए। उन्होंने अपने

जीवन के 3259 दिन, करीब 9 साल जेल में गुजारे। अंग्रेजों का विरोध करते हुए कई बार उन्होंने बल प्रयोग का सीना तान कर सामना किया। विनायक दामोदर सावरकर ने जेल जाने के एक साल बाद ही अंग्रेजों से माफी मांगना शुरू कर दिया था। कुल 6 बार माफी मांगी और जेल से रिहा होने के बाद ब्रिटिश एजेंट बनकर काम किया। पंडित नेहरू फौलाद की तरह अंग्रेजों के सामने खड़े रहे और भारत को आजादी दिलाकर अपना संकल्प पूरा किया।

पहले महिला मैत्री क्रिकेट मैच में उदयपुर ने डूंगरपुर को हराया

डूंगरपुर। जिले में पहली बार महिलाओ की क्रिकेट टीम का गठन हुआ और सोमवार को डूंगरपुर एवं उदयपुर के बिच एक मैत्री मैच का आयोजन हुआ। जिसमे डूंगरपुर 4 विकेट से हार गया पर बेटियों ने सभी का दिल जीत लिया। मात्र 10 दिन पहले बनी डूंगरपुर की पहली महिला क्रिकेट टीम जिसने आज ये साबित कर दिया कि कौन कहता है कि आसमा में सुराख नहीं हो सकता है बस एक पत्थर तो तबियत से उछालो। सोमवार को जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रथम ऐतिहासिक महिला क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमे नगरपरिषद सभापति और उपसभापति सुदर्शन जैन सहित जिला क्रिकेट संघ उपाध्यक्ष शार्दुल सिंह राठोड ने खिलाड़ियों से परिचय कर टॉस में भाग लिया और दोनों टीम की खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उदयपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और डूंगरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 74 रन बनाये जिसमे सभी अधिक डूंगरपुर की कप्तान मुस्कान मेहता ने 16 रन बनाये जिसमे मैच का एक मात्र चौका भी मुस्कान के नाम ही रहा।

आचार्य समता सागर महाराज की जन्म जयंती मनाई गई

गणेशपुर। श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र हथाई में चातुर्मास हेतु विराजमान पट्टाचार्य 108 श्री समता सागर जी महाराज की 60वां जन्म जयंती महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । जिसमें सर्वप्रथम बाल ब्रह्मचारी मीना दीदी ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया ।समाज जनों द्वारा आचार्य का पाद प्रक्षालन, पुष्प की वर्षा कर, अष्ट द्रव्य से पूजन किया गया एवं जिनवाणी भेंट की गई । इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए महाराज ने बताया कि जन्म जयंती तीर्थंकरों आचार्य साधु एवं महापुरुषों के अच्छे कर्मों को याद कर मनाई जाती है साधु स्वयं का उपकार एवं धर्म प्रचार कर औरों का भी उपकार करते हैं।

ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ ने शिक्षकों का किया सम्मान

राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ डूंगरपुर के तत्वाधान में जन्माष्टमी पर्व पर शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भंवर लाल पंड्या थे। अध्यक्षता मीनाक्षी जोशी ने की। महिला शिक्षक व विप्र शिक्षकों का सम्मान किया गया। प्रद्युम्न नाथ भट्ट, मुदेश त्रिवेदी, मुकेश पंड्या, अरविंद जोशी, हरीश पंड्या, रेणुका शर्मा, निधि जोशी, कौशिक पंड्या का सम्मान किया गया। तिलक अक्षत लगाकर रोली बांधकर उपर्णा व शॉल ओढ़ाकर,श्रीफल पेन भेंट किया। की। ब्राह्मण महासभा की महामंत्री स्वाति पारीक ने संचालन किया। स्वागत उद्बोधन व उद्देश्य की परिचर्चा महासभा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नीता चौबीसा की। आभार कोषाध्यक्ष ममता उपाध्याय ने माना।

राजस्थान ब्राह्मण महासभा के शिक्षक सम्मान समारोह में मौजूद महिला प्रतिनिधि।

बारिश से मौसम हुआ सुहाना

सागवाड़ा। क्षेत्र में सुबह उमस के बाद शाम को तेज बारिश हुई। बारिश से मौसम सुहावना हो गया। पिछले लंबे समय से क्षेत्र में बारिश नही हो रही थी। दो दिन से बारिश होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि जिले में अब तक कम ही बारिश हुई है।

साबेला बायपास पर किराणा के गल्ले से पांच हजार रुपये और सामान चुराया

डूंगरपुर।

जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर के साबेला बायपास पर चोरो ने बीती रात एक किराणा के गल्ले को तीसरी बार निशाना बनाया है। चोर गल्ले से 5 हजार की नगदी व हजारो का सामान चुरा ले गये है। किराणा गल्ला संचालक रविन्द्र ने बताया की बीती रात चोर उसके गल्ले की पीछे का हिस्सा तोडकर 5 हजार की नगदी व हजारो रुपए का सामान चुराकर ले गए। पीड़ित ने बताया की इससे पहले भी चोरो ने दो बार उसके गल्ले को निशाना बनाया था इस सम्बन्ध में पुलिस को रिपोर्ट भी दी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वही आज फिर से पीड़ित ने थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धवालिया में खेत पर काम कर रहे किसान की करंट लगने से मौत

डूंगरपुर।

जिले के सदर थाना क्षेत्र के धवालिया गांव में खेत पर काम कर रहे एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार धवालिया निवासी रमेश मीणा अपने खेत पर काम कर रहा था इस दौरान खेत में लगी डीपी से रमेश को करंट लग गया और वह वही अचेत हो गया। जिस पर परिजन उसे लेकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे जहा पर डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही परिजनों की सुचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। इधर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जन्माष्टमी पर ऑक्सीजन मशीन भेट

दोवड़ा। वसी के ग्रामीण आक्सीजन मशीन भेट करते हुए।

दोवड़ा।

दोवड़ा। पंचायत समिति के वसी के गांव के ग्रामीणों के सहयोग से पीएचसी में कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर ऑक्सीजन मशीन भेट की गई । इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा अस्पताल का अवलोकन भी किया गया मौके पर कई मशीनो का उपयोग बंद पाया गया उन्हें पुनः सुचारु रुप से चालू करवाने के लिए ग्रामीणों ने पीएचसी प्रशासन से कहा वही मौके पर ह ओटीएस पर दो जंगले बनाने का निर्णय लिया गया मैदान में पड़े बबूल एवं अन्य सामग्री को पंचायत के द्वारा हटाने का बात कही गई वही ग्रामीणों ने दूसरे चरण में सीसी टीवी कैमरे लगवाने का प्रस्ताव लिया इस अवसर पर ग्रामीण जन उपस्थित थे

स्कूलों में छात्र ज्यादा हैं और क्लास रूम छोटे, वहां एक दिन के अंतराल पर बुलाए जाएंगे

जयपुर। राजस्थान सरकार ने एक सितम्बर से क्लास 9 से 12 तक के स्कूल खोलने की घोषणा कर दी है शिक्षा विभाग की ओर से जारी स्क्रीन में स्पष्ट कहा गया है कि स्कूल के पास जितने क्लास रूम हैं, उनके हिसाब से स्टूडेंट्स को सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुए बुलाया जाए। तमाम स्कूलों की स्थिति यही है, इसलिए यहां एक दिन गैप करके विद्यार्थियों को बुलाया जाएगा। आमतौर पर सरकारी स्कूल में कक्षा 11 व 12 में छात्र संख्या ज्यादा होती है। लेकिन और क्लास रूम के हिसाब से अधिकांश सरकारी स्कूल मंगलवार को बैच तैयार करके अपने स्टूडेंट्स को सूचित करेंगे कि उनकी क्लास किस दिन से है। स्कूल के पास वॉट्सऐप रुप पहले से बने हुए हैं, जिनका उपयोग अब होगा।राज्य में अभी कक्षा एक से आठ तक की क्लासेज बंद हैं।

बाइक सवार बदमाशों ने प्रौढ़ को 4 बार चाकुओं से गोदा, 20 हजार रुपये लूटकर हो गए फरार

लहूलुहान हालत में घर जाकर बताई आपबीती, गुजरात से आ रहा था घर और हुई वारदात

डूंगरपुर।

गुजरात से लौट रहे एक प्रौढ़ पर बाइक सवार 2 बदमाशों ने 4 बार चाकुओं से गोदा और जेब से 20 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। लहूलुहान प्रौढ़ ने फिर भी हिम्मत जुटाकर घर पंहुचा और आपबीती सुनाई। वारदात के बाद गांव के लोगों में जबर्दस्त आक्रोश है। वहीं पुलिस ने नाकाबंदी कर बदमाशो की तलाश शुरू कर दी, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। दरअसल नाथू पाटीदार (50 वर्ष) गुजरात मे सब्जी बेचने का काम करता है। एक महीने पहले ही वह घर से गुजरात गया था। इसके बाद रविवार को वह अहमदाबाद से अपने घर लौट रहा था। देर शाम को वह खेड़ा बस स्टैंड पर उतरा और इसके बाद पैदल-पैदल अपने घर जा रहा था। खेड़ा गांव से कुछ आगे निकलते ही सुनसान जगह पर एक बाइक पर 2 बदमाश आये और उन्होंने पैदल जा रहे नाथू से मारपीट शुरू कर दी। नाथू विरोध करते लगा तो उस पर ताड़ातोड़ चाकू से 4 बार वार किया जो उसके सीने ओर पेट पर लगे। इसके बाद बदमाश नाथू के जेब मे पड़े 20 हजार रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए।

लहूलुहान हालत में पैदल चलकर पंहुचा घर

बदमाशों के हमले में नाथू पाटीदार लहूलुहान होकर गंभीर घायल हो गया, फिर भी वह हिम्मत जुटाकर पैदल-पैदल अपने घर पहुंचा। घटनास्थल से घर के बीच करीब डेढ़ किमी की दूरी कर बीच नाथू कराहता और चिल्लाता हुआ घर पंहुचा तो लोगो की भीड़ जुट गई। इसके बाद उसने घटना को लेकर पूरी आपबीती सुनाई। वहीं उसे इलाज के लिए डूंगरपुर अस्पताल लेकर पंहुचे, जहां उसका इलाज करवाया गया। नाथू को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और उसकी हालत ठीक बताई जा रही है।

चौकी से नहीं पहुंची पुलिस, 9 किमी दूर थाने से पहुंची

घटना स्थल से महज डेढ़ किमी दूरी पर ऊपर गांव पुलिस चौकी भी है, लेकिन चाकूबाजी ओर लूटपाट की वारदात के बाद भी चौकी से कोई पुलिसकर्मी मौके पर नही पंहुचा। जबकि 9 किमी दूर सदर थाने से पुलिस मौके पर पंहुची और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने जिलेभर में नाकेबन्दी करवाते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।इधर घटना को लेकर लोगो ने जबर्दस्त आक्रोश है। रात के समय सुनसान सड़को पर हमले ओर लूटपाट की घटना से लोग भयभीत है और हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।